मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-373
27/07/2020

जिन तटबंधों पर दवाब है, वहॉ जल संसाधन विभाग के अभियंता अलर्ट मोड पर रहें :– मुख्यमंत्री

- दवाब वाले तटबंधों के निकट मेटेरियल्स की पर्याप्त उपलब्धता रखें ताकि प्रतिकूल परिस्थिति में आपातकालीन मरम्मत की जा सके

पटना, 27 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जल संसाधन विभाग के सचिव को निर्देश देते हुये कहा है कि जिन तटबंधों पर बाढ़ के पानी का दवाब है, वहॉ जल संसाधन विभाग के अभियंता अलर्ट मोड पर रहें। तटबंधों के निकट मेटेरियल्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में आपातकालीन मरम्मत की जा सके। उन्होंने निर्देश दिया है कि दवाब वाले तटबंधों पर 24X7 पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय ताकि बांधों की नियमित निगरानी हो सके।

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव को निर्देश देते हुये कहा है कि बाढ़ प्रभावित जिलों में निष्क्रमित कर बाहर लाये जा रहे लोगों को अच्छे राहत कैंपों में बेहतर व्यवस्था के साथ रखा जाय। उनके लिये पर्याप्त संख्या में कम्यूनिटी किचेन की व्यवस्था के साथ ही राहत केन्द्रों में एस0ओ0पी0 के अनुसार समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो। आवश्यकतानुसार कम्यूनिटी किचेन और राहत केन्द्रों की संख्या बढ़ायी जाय और वहॉ सोशल डिस्टेंसिंग के नॉर्म्स का पूर्ण अनुपालन हो। राहत केन्द्र में रहने वाले लोगों को निःशुल्क मास्क उपलब्ध कराया जाय। राहत केन्द्रों में रहने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाय। साथ ही कम्यूनिटी किचेन में भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। आवश्यकतानुसार नावों की समुचित व्यवस्था हो। साथ ही पशुओं के लिये भी रहने एवं उनके चारे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। एस0ओ0पी0 के अनुसार बाढ़ प्रभावित इलाकों में जी0आर0 वितरण का कार्य डी0बी0टी0 के माध्यम से तीव्र गति से कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि सभी बाढ़ प्रभावित लोगों को इसका लाभ मिल सके, इसके लिये धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी।

******